(81)

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद अमरोहा) के अन्तर्गत अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 22–07–2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक **22.07.2025** को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद **अमरोहा** में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

- श्री अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
- इं0 चन्द्रहास अधिशासी अभियन्ता ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री शहरोज आरिफ, सहायक अभियन्ता (SWSM), ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री सर्वेश राय पी0एम0 फर्म प्रतिनिधि मै0 पी0एन0सी0–जेवी, मुरादाबाद।
- श्री सत्येन्द्र यादव, पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली।
- श्री फैजान, डी0पी0एम0 मै0 एल0सी0 इन्फा।
- श्री प्रभाकर सिंह डी0सी0 डी.पी.एम.यू0 अमरोहा।
- श्री मनोज धाकड़ डी0पी0एम टी.पी.आई अमरोहा।

**समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–**

**1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 312 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा 187 नग के सापेक्ष 187 नग (312 राजस्व ग्राम) डी0पी0आर0 के कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 184 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 184 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 184 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 1326.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक दिनांक 03.06.2025 तक 1299 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 22.07.2025 तक 1302 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। लगभग 49 दिवस में 3.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य किया गया है, जोकि अत्यन्त खेदजनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 अगस्त 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 90504 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 84403 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 85304 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 49 दिवस में 901 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं (औसतन 18 नग प्रतिदिन), जो अत्यन्त कम हैं। बचे हुए गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 अगस्त 2025 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 187 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 81 नग OHT के कार्य पूर्ण थे, वर्तमान में 83 नग OHT Complete व 99 नग पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार 49 दिवस में 02 नग OHT पूर्ण किये गये हैं। 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत पूर्ण 26 नग ओ.एच.टी. में से 02 ओ0एच0टी0 पूर्ण किये गये, जोकि अत्यन्त खेद जनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि 20 अगस्त 2025 तक 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत तक 24 नग ओ.एच.टी. में से 50 प्रतिशत का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 180 नग पम्प हाउस पूर्ण थे, 03 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 181 पम्प हाउस पूर्ण व 01 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 49 दिवस में फर्म द्वारा 01 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण किया गया है। गत बैठक में तीव्र गति से कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। दिनांक 20 अगस्त 2025 तक अवशेष पम्प हाउस के सभी कार्य पूर्ण करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया।
- गत बैठक दिनांक 03.06.2025 तक 103 के सापेक्ष 88 सोलर पैनल अधिष्ठापित का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। वर्तमान तक 89 सोलर पैनल का कार्य ही पूर्ण है। फर्म को गत बैठक में समस्त कार्य माह जून 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि सोलर पैनल के कार्यों में प्रगति बढ़ाते हुए सोलर पेनल के समस्त कार्य 20 अगस्त 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

- जिन योजनाओं के ओ.एच.टी. पूर्ण हो गये हैं, उनमें से 60 प्रतिशत योजनाओं को ऑटोमेशन–इन्टीग्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

**2– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 एल0सी0 इन्फ्रा**

- फर्म को आवंटित 05 नग राजस्व ग्राम, 05 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- गत बैठक में फर्म द्वारा सभी 05 नलकूप का कार्य पूर्ण किया था।
- 31.00 कि0मी0 के सापेक्ष 28.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।
- 1990 नग के सापेक्ष 1430 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 04 पर कार्य प्रगति पर हैं।
- फर्म को 4 पेयजल योजनाओं में से 02 योजनाओं का समस्त कार्य 20 अगस्त, 2025 तक पूर्ण करने एवं सलारपुर खालसा पेयजल योजना में वितरण प्रणाली के विविध कार्य, गृह जल संयोजन के कार्य प्रारम्भ कर शीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री फैजान फारुकी को निर्देशित किया गया कि प्रगति कदापि संतोषजनक नहीं है एवं टाईमलाइन के विपरीत है। 02 पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण करते हुये अपनी चार पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- जिन योजनाओं के ओ.एच.टी. पूर्ण हो गये हैं, उनमें ऑटोमेशन–इन्टीग्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

**3– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 3:–**

**मै0 <u>ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) न्यू देहली :–</u>**

- फर्म को आवंटित 567 नग राजस्व ग्राम, 303 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं एवं स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 303 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 305 नलकूप के सापेक्ष 303 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 303 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 2486.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक तक 2447.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 22.07.2025 तक 2449.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं। 49 दिवस में 2.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं, जो अत्यन्त कम है। टाइमलाइन बनाते हुए समस्त पाइप लाइन बिछाने का कार्य 20 अगस्त 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 151269 नग गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 151719 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 49 दिवस में 450 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं फर्म को निर्देशित किया गया कि बचे हुए गृह संयोजन को अभियान चलाकर 20 अगस्त, 2025 तक पूर्ण कराया जाए।
- गत बैठक तक 146 नग OHT के कार्य प्रगति पर एवं 114 नग अवर जलाशय पूर्ण थे। वर्तमान में 180 OHT पर कार्य प्रगति पर है, 116 नग OHT का कार्य पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये है,, उन योजनाओं को 20 अगस्त, 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 267 के सापेक्ष 230 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण था, वर्तमान में 231 पूर्ण हैं व 02 पर कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि इस माह के अन्त तक अपनी सभी पेयजल योजनाओं में सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- दिनांक 22.07.2025 को मै0 ओम इन्फ्रा के प्रतिनिधि श्री सत्येन्द्र यादव वरिष्ठ पी0एम0 द्वारा अधोहस्ताक्षरी को 37 नग पेयजल योजनाओं पर पेयजलापूर्ति का ऑटोमेशन इन्टीग्रेशन ऑनलाइन दिखाया गया। जिन

Scanned with OKEN Scanner

योजनाओं के ओ.एच.टी. पूर्ण हो गये हैं, उनमें से 60 प्रतिशत योजनाओं को ऑटोमेशन–इन्टीग्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

**<u>सभी फर्मों एवं (TPI) & (DPMU) हेतु Common दिशा–निर्देशः–</u>**

- मैसर्स आरवी एसोसिएटस (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) मुरादाबाद के प्रतिनिधि श्री मनोज कुमार धाकड डी०पी०एम टी.पी.आई अमरोहा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज 2 व फेज 3 में मै० पी०एन०सी०–जेवी, मुरादाबाद, मै० एल०सी० इन्फ्रा एवं मै० ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे०वी०) नई दिल्ली आदि फर्मो द्वारा विभिन्न पेयजल योजनाओं के कराये जा रहे निर्माण कार्य मानक के अनुसार (as per norms) चेक करना सुनिश्चित करें एवं जनपद में फर्म द्वारा वर्तमान में की जा रही समस्त सामग्री की आपूर्ति फर्म के स्टोर पर प्राप्त करते समय सामग्री को डी०पी०आर०/मानक के अनुसार मिलान करना सुनिश्चित करें। समय–समय पर कार्यो की गुणवत्ता पूर्ण करने हेतु क्वालिटी टैस्ट व अन्य सम्बन्धित टैस्ट कराना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी को सड़क पुर्नस्थापन की गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुये पेयजल योजना की सडक पुर्नस्थापन की जीपीएस लोकेशन की फोटो उपलब्ध कराते हुयें सभी पेयजल योजनाओ में ग्राम की सीमा के प्रारम्भ से अन्त तक पेयजलापूर्ति, गृह जल संयोजन में पेयजलापूर्ति का प्रैशर चैक कराना सुनिश्चित करें।
- श्री प्रभाकर सिंह, डी०सी० डी०पी०एम०यू० अमरोहा (मै० मेधज प्रा०लि० लखनऊ) को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि, ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विवाद को सम्बन्धित SDM से Coordinate कर समाप्त कराना, जल सखी, आई०एस०ए० द्वारा पानी की गुणवत्ता ग्रामवासियों की उपस्थिति में चैक कराना, जल की गुणवत्ता एवं पानी के लाभों का प्रचार प्रसार तथा पानी के बचाव के बारे में जानकारी देना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वर्षा ऋतु के दुष्टिगत रखते हुए अपने से सम्बन्धित सभी पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन बिछाकर रोड रेस्टोरेशन एवं पानी की सप्लाई देना सुनिश्चित करें।
- फर्म मै० पी०एन०सी०–एस०पी०एम०एल० के प्रतिनिधि श्री सर्वेश राय को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि 30 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण करते हुए आगामी बैठक में पेयजलापूर्ति का ऑटोमेशन इन्टीग्रेशन ऑनलाइन दिखाना सुनिश्चित करें एवं शेष 40 योजनाओं में अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- अधोस्ताक्षरी द्वारा सभी फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित सभी कार्य पूर्ण करने तथा अवर जलाशय एवं पम्प हाउस से नियमित क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में सोलर पैनल का अधिष्ठापन हो गया है, उनमें नियमित रूपसे क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति करायी जाये। एवं अवशेष सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य इस माह के अन्त तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाये।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा जो सड़क पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी है, उनको 20 अगस्त 2025 तक प्रत्येक दशा में मोटरेबल करा दिया जाये तथा जिन योजनाओं में पाइप लाइन/गृह जल संयोजन का कार्य पूर्ण हो गया है, उनमें सड़क पुर्नस्थापन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये। यदि फर्म द्वारा उक्त तिथि तक सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है एवं भविष्य में कोई दुर्घटना होती है तो उसके लिए सम्बन्धित फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया है कि जिन ग्रामो में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामो में लीकेज होती है तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत कराते हुए पेयजलापूर्ति करायें।
- सभी फर्मो एवं अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजना के कार्य पूर्ण हो गये हैं एवं सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण हो गया है, उन पेयजल योजनाओं की जाँच सम्बन्धित BDO से कराना सुनिश्चित करें एवं आगामी बैठक में इस हेतु की आख्या प्रस्तुत करें।

Scanned with OKEN Scanner

(78)

- अधोहस्ताक्षरी द्वारा TPI के Team Leader को निर्देशित किया गया कि स्वंय योजनाओं का निरीक्षण कर योजनाओं की कमियों को बैठक में प्रस्तुत करें एवं PPT के माध्यम से साइट की संख्या, NCR & ATR के माध्यम से सूचना प्रस्तुत करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी ISA Agenies को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रचार–प्रसार हेतु किसी सार्वजनिक स्थल पर एवं मानक के अनुरूप (as per Norms) किसी सार्वजनिक स्थल जैसे प्राथमिक पाठशाला, सचिवाल्य आदि पर बैठक कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी फर्मों के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अर्न्तगत जो निर्माण कार्य किये जा रहे हैं, उनकी (as per Norms) क्यूरिंग कराना, कंक्रीट मिक्स की जांच एवं (as per Norms) Strength चैक कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा टी0पी0आई0 एवं जू0इं0 को निर्देशित किया गया कि सभी फर्मों के द्वारा बनाये गये पूर्ण अवर जलाशय / निर्माणाधीन अवर जलाशय के स्लेब, कॉलम एवं ब्रेस की गुणवत्ता को जांच करना सुनिश्चित करें।

(निधि गुप्ता वत्स)
जिलाधिकारी,
अमरोहा

## कार्यालय जिलाधिकारी अमरोहा

पत्रांकः– 2809 / JJM-AMRO / 192 दिनांक 29/07/25

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
5– मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
6–अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अमरोहा को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित जू0इं0, पी.एम, टी.पी.आई0 अमरोहा एवं डी0सी0 डीपीएमयू0 अमरोहा को गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने हेतु निर्देशित करें।
7– समस्त कार्यदायी ऐजेन्सियां (जल जीवन मिशन से सम्बन्धित) जनपद अमरोहा।
8– समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सी, जनपद अमरोहा।

जिलाधिकारी,
अमरोहा

Scanned with OKEN Scanner